आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

अटठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज नव निर्वाचित सांसदों के शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री के बाद लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में श्री महताब की सहायता के लिए नियुक्त अध्यक्षों के पैनल को शपथ दिलाई गई। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने चेयरपर्सन पैनल के सदस्य के रूप में शपथ ली। हालांकि, कांग्रेस सांसद के सुरेश, डीएमके सांसद टी. आर. बालू और टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय ने पैनल के सदस्यों के रूप में शपथ नहीं ली।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, किरेन रिजिजू, चिराग पासवान और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। केन्द्रीय मंत्री दुर्गा दास ऊईमे ने संस्कृत में शपथ ली। आज 18वीं लोकसभा की पहली बैठक के दौरान संसद भवन में भारत की विविध बहुभाषीय और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा कई सांसदों ने तेलुगु, असमिया, बांग्ला, मलयालम, गुजराती, संस्कृत, कन्नड़, उड़िया, डोगरी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ ली। कुछ सांसद पारंपरिक पोशाक भी पहने दिखे।

आज सुबह, प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र बृहस्पतिवार से ही शुरू होगा। संसद सत्र तीन जुलाई को सम्पन्न होगा। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अटठारहवीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। उनकी सरकार सबको साथ लेकर और संविधान की पवित्रता को बरकरार रखते हुए तेजी से फैसले लेना चाहती है।

****

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश का किसान अब आत्मनिर्भर होने जा रहा है। यहां के किसानों ने अन्न उत्पादन में ही नहीं बल्कि बीज उत्पादन में भी अगण्य स्थान प्राप्त किया है। इसके लिये किसानों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कृषि मंत्री आज वाराणसी के गिरजा देवी सांस्कतिक संकुल में वाराणसी–विन्ध्याचल और प्रयागराज मण्डल की संयुक्त खरीफ बैठक में अध्यक्षीय सम्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र और राज्य सरकार किसान की समस्याओं के निदान के साथ–साथ उनकी फसल पैदावार को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इसके लिये किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम जानकारी दी जा रही है साथ ही साथ उन्हें कृषि से जुड़े नवीनतम उपकरण भी प्रदान किये जा रहे हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनके बारे में किसानों को अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये।

****

बाघों और हाथियों के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने पहल की है। इसके तहत प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट के लिए सरकार वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के लिए पांच दशमलव तीन एक करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर चुकी है। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष ने इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी किया है। इस धनराशि का इस्तेमाल मशीनों, संयंत्रों और उपकरणों की खरीद के साथ अन्य मदों में किया जा सकेगा। सरकार के इन प्रयासों से रिजर्व क्षेत्रों में रह रहे हाथियों और बाघों का संरक्षण हो पाएगा।

****

एक जुलाई से देश भर में लागू किये जा रहे नये आपराधिक कानूनों में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है। नये कानून का उद्देश्य न्याय प्रणाली की दक्षता, निष्पक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है। यह पीड़ित को आपराधिक मुकदमें में एक हितधारक के रूप में मान्यता देता है, भागीदारी अधिकार प्रदान करता है और पीड़ित के लिए सूचना का विस्तारित अधिकार प्रदान करता हैं। नये कानून में पीड़ितों को अब अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है, जिससे आपराधिक मामलों में हितधारकों के रूप में उनकी भूमिका मजबूत होती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 360 का उद्देश्यय केस वापसी की अनुमति देने से पहले पीड़ितों की आवाज को शामिल करना सुनिश्चित करके सीआरपीसी की धारा 321 में ऐतिहासिक कमी को भरना है।

****

प्रदेश के कई जिलों में मौसम में आज बदलाव देखने को मिल रहा है। कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बर्षा के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सम्भल, अमरोहा, ललितपुर, हापुड़, उन्नाव, अलीगढ़ और बदायूं जिले में बारिश होने की खबर है। गोरखपुर सहित प्रदेश के पूर्वी जिलों में भी बादल छाये हुए हैं और कहीं–कहीं वर्षा भी हो रही है।

****